## खबर संक्षेप

### जुआ खेलते 9 गिरफ्तार, 20 हजार रूपए जब्त

**कटनी।** कोतवाली पुलिस ने बीती रात शेर चौक इलाके में अलग-अलग स्थानों पर दबिश देकर कुल 9 जुआरियों को रंगे हाथों पकड़ा है। पुलिस ने ताश के पत्तों सहित 20,010 रुपये की नकदी जब्त की है। पुलिस ने देर रात से लेकर तड़के तक तीन अलग-अलग स्थानों पर छापेमारी की। जानकारी के अनुसार सांई मंदिर के सामने रात लगभग 1:05 बजे पुलिस ने दबिश दी। यहाँ से शक्ति प्रताप सिंह विवेकानगर, उदयनारायण सुभाषनगर और ऋषभ चौबे मंगलनगर को जुआ खेलते पकड़ा गया। इनके पास से 5,900 रुपये बरामद किए गए। इसी तरह रात 02:28 बजे जालपा मंदिर के पास दबिश देकर रामप्रसाद विश्वकर्मा (लखेरा), किशोर कुमार पटेल (जयहिन्द चौक) और आशीष गुप्ता (इन्द्रानगर) को गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 6,910 रुपये जब्त किया गया। इसी तरह सांई मंदिर के पीछे वाली गली में रात 00:49 बजे जुआरियों को पकड़ा गया जिसमें दीपक सेवलानी उर्फ रोशन सिंधी, शुभ जायसवाल और रितिक जैन शामिल हैं। इनके पास से 7,200 रुपये नकद और ताश की गड्डी बरामद हुई। इस तरह तीन कार्यवाही में पुलिस ने 20,010 रुपये सहित ताश के पत्ते जब्त किये। सभी आरोपियों के विरुद्ध 13 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है।

### नाइट कॉम्बिंग गश्त में 109 अपराधी गिरफ्तार

**कटनी।** जिले में अपराधियों की धरपकड़ और कानून व्यवस्था को चाक-चौबंद करने के लिए कटनी पुलिस ने बीती रात एक बड़ा 'नाइट कॉम्बिंग' अभियान चलाया। पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा के निर्देशन में चली इस कार्रवाई से जिले के बदमाशों में हड़कंप मच गया। अभियान के दौरान पुलिस ने न केवल पुराने फरार वारंटियों को दबोचा, बल्कि सड़क पर शराब पीकर हुड़दंग करने वालों पर भी सख्त कार्रवाई की। इस अभियान को सफल बनाने के लिए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संतोष डेहरिया के मार्गदर्शन में जिले भर में 170 से अधिक पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों की टीमें तैनात की गई थीं। जिले के सभी थानों और अनुभागों में एक साथ शुरू हुई इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य फरार आरोपियों की गिरफ्तारी और शांति व्यवस्था सुनिश्चित करना था। पुलिस ने केवल वारंटियों पर ही नहीं, बल्कि अवैध गतिविधियों पर कार्यवाही की। आबकारी एक्ट के तहत 10 और जुआ अधिनियम के तहत 03 मामले दर्ज किए गए। आर्म्स एक्ट के तहत 02 आरोपियों को हथियार समेत गिरफ्तार किया गया। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए BNSS की विभिन्न धाराओं के तहत लगभग 112 लोगों पर वैधानिक कार्रवाई की गई।

### मंगल यात्रा के साथ बांधा मंदिर में श्रीमद भागवत कथा प्रारंभ



**स्लीमनाबाद।** श्री राधा कृष्ण मंदिर लघु वृंदावन धाम बांधा इमलाज में भव्य मंगल यात्रा भजन संकीर्तन बैंड बाजा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का वैदिक विधि विधान के साथ शुभारंभ हुआ। कथा व्यास के रूप में श्रीधाम वृंदावन से पधारे पूज्य अखिलेश चतुर्वेदी ने कथा महात्म पर प्रवचन देते हुए कहा कि जिस प्राणी को परमात्मा के स्वरूप ,सामर्थ्य एवं नाम के रहस्य का ज्ञान बोध हो जाता है उस मनुष्य के हृदय में सुख शांति एवं आनंद का उद्घाटन होता है और ऐसे मनुष्यों से ही धर्म समाज एवं परिवार का वास्तविक यश प्रकाशित होता है। 15 फरवरी को महाशिवरात्रि के अवसर पर कथा के साथ शिवपूजन एवं विशेष प्रसाद वितरण होगा। मंदिर परिवार ने समस्त श्रद्धालु जनों से मंदिर पधार कर पुण्य लाभ प्राप्त करने की प्रार्थना की है।

---

### महाशिवरात्रि का पर्व कल, धार्मिक आयोजनों को लेकर की गई व्यापक तैयारियां

# महाशिवरात्रिः शिवालयों में धार्मिक आयोजनों की तैयारियां, भोलेबाबा की निकलेगी बारात

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

देवाधिदेव महादेव की विशेष आराधना, उपासना पूजन का महापर्व महाशिवरात्रि को लेकर जिले भर के शिवालयों में व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। जिला मुख्यालय सहित तहसील क्षेत्रों में विख्यात शिवालयों में धार्मिक आयोजनों के साथ ही भोलेबाबा की बारात निकालने की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। जिले के बहोरीबंद स्थित रूपनाथ धाम, बरही क्षेत्र के नीलकंठेश्वर धाम, कटनी के मधई मंदिर, महाकाल मंदिर सहित अन्य शिव मंदिरों में महाशिवरात्रि पर्व को लेकर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों के आयोजन होंगे। जिले के विभिन्न स्थानों में बने शिव मंदिर अपनी प्राचीनता, चमत्कारिक इतिहास और अनोखी वास्तुकला के लिए पहचाने जाते हैं।

बहोरीबंद स्थित रूपनाथ धाम आस्था का सबसे बड़ा केंद्र है। मान्यता है कि भगवान शिव जब माता पार्वती को व्याहने जा रहे थे, तब उनकी बरात यहाँ रुकी थी। यह स्थान पहाड़ी पर स्थित है जहां तीन प्राकृतिक कुंड—राम, सीता और लक्ष्मण कुंड श्रद्धालुओं के आकर्षण का केंद्र हैं। यहाँ साल



भर पानी भरा रहता है। यहाँ मौर्य सम्राट अशोक का शिलालेख भी मौजूद है, जो इसे आध्यात्मिक के साथ-साथ ऐतिहासिक रूप से भी महत्वपूर्ण बनाता है।

कटनी शहर के हृदय स्थल में स्थित मधई मंदिर अपनी चमत्कारिक महिमा के लिए जाना जाता है। जनश्रुति है कि यहाँ एक समय में एक मृत व्यक्ति पुनर्जीवित हो गया था। घनघोर जंगल के बीच प्रकट हुए स्वयंभू शिवलिंग की महिमा ऐसी है कि महाशिवरात्रि पर यहाँ तिल रखने की जगह नहीं बचती। यहाँ विधि-विधान से अभिषेक और पार्थिव शिवलिंग निर्माण की परंपरा दशकों से चली आ रही है। प्रति वर्ष मंदिर से भगवान भोलेबाबा की बारात भी निकाली जाती है।

#### पठरा में होंगे विविध आयोजन, तीन दिवसीय मेला भी लगेगा

ऐतिहासिक बजरंग धाम पठरा में विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी महाशिवरात्रि के शुभ पावन अवसर पर बजरंग धाम पठरा में रुद्राभिषेक के साथ ही विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किये जायेंगे। मंदिर के पुजारी पंडित लक्ष्मण प्रसाद द्विवेदी ने बताया कि महाशिवरात्रि में बजरंग धाम पठरा में स्थानीय धर्मप्रेमियों व मंदिर कमेटी के सौजन्य से रामायण पाठ,संकीर्तन, भक्ति संगीत का आयोजन किया जाएगा।

भगवान शिवशंकर के पवित्र दर्शन करने को मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं का जनसैलाब एकत्रित होगा। भीड़ के मद्देनजर कमेटी के द्वारा देखरेख की जाएगी। मुंडन करबाने व कथा श्रवण करने के लिए आने वाले लोगों के लिए वैकल्पिक व्यवस्थाएँ की गई हैं। हवन कुंड में आस्था के साथ श्रद्धालुओं के द्वारा हवन किया जाएगा। अग्नि वेदी में पंडित लक्ष्मण प्रसाद द्विवेदी महाराज के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुति दी जाएगी।

शिवरात्रि के दिन से तीन दिन तक रामचरित मानस के पाठ का आयोजन किया जाएगा जिसमे जिला की प्रसिद्ध रामायण मंडली के कलाकारों के द्वारा संगीतमय मानस का गायन किया जाएगा।आकर्षण का केंद्र होगा विशाल मेलाशिवरात्री के दिन से प्रारम्भ होने वाले तीन दिवसीय मेले में दूरस्थ क्षेत्रों से आने वाले दुकानदारों के द्वारा विभिन्न प्रकार के आकर्षक मनोरम जादू के खेल, प्रदर्शनी,आकाशीय झूले, चकरी एवम गुब्बारे बच्चों के खेलने के खिलौनों सौंदर्य प्रसाधन सामग्री की दुकानें लगाई जाएंगी।

---

# जिसके साथ होना था विवाह उसी ने गला घोंट मार डाला

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी



रीठी थाना क्षेत्र के ग्राम खमरिया में एक युवक की संदिग्ध मौत के मामले की गुत्थी को पुलिस ने 24 घंटे के भीतर सुलझाते हुए आरोपिता को गिरफ्तार कर लिया है। यह सफलता वरिष्ठ अधिकारियों ने निर्देशन एवं मार्गदर्शन में रीठी पुलिस को मिली।

गौरतलब है कि 11 फरवरी को सूचना प्राप्त हुई कि थाना रीठी के ग्राम खम्हरिया में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मृत्यु हो गई है। मृतक की पहचान सुनील भुमिया पिता रमेश भुमिया 19 वर्ष निवासी ग्राम परसवाहा थाना विजयराघवगढ़ के रूप में हुई थी। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल मौके पर पहुंची एवं मर्ग दर्ज कर जांच प्रारंभ की गई। एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाकर साक्ष्य संकलित किए गए। शव का पोस्टमार्टम कराया गया, जिसमें डॉक्टरों द्वारा यह स्पष्ट किया गया कि मृतक की मृत्यु गला घोंटे जाने के कारण हुई है।

घटनास्थल का निरीक्षण, शव पंचनामा, पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं परिस्थितिजन्य साक्ष्यों के आधार पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध हत्या का प्रकरण दर्ज किया गया। गहन पूछताछ एवं साक्ष्यों के विश्लेषण में यह तथ्य सामने आया कि मृतक 10 फरवरी की रात अपनी होने वाली ससुराल ग्राम खम्हरिया आया था। वहां शराब सेवन के पश्चात उसका अपनी होने वाली पत्नी से विवाद हो गया। विवाद के दौरान उसकी होने वाली पत्नी विधि विरुद्ध बालिका ने बिजली के तार से सुनील भुमिया का गला घोंट दिया, जिससे उसकी मृत्यु हो गई। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए विधि विरुद्ध बालिका को अभिरक्षा में लेकर किशोर न्याय बोर्ड के समक्ष प्रस्तुत किया है।

इस प्रकरण के खुलासे में थाना प्रभारी निरीक्षक मोहम्मद शाहिद, एसआई दिनेश चौहान, सहायक उप निरीक्षक जयचंद, प्रधान आरक्षक अजय मेहरा, राम पाठक, ओमशंकर शुक्ला, आरक्षक नितेश दुबे, ज्ञानेंद्र, समशेर, शहंशाह, विजय, अमन, चालक जफर खान ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

---

### मरीजों के तीमारदारों ने बताया तो आनन फानन में फेंकी गई बॉटलें

# सिविल अस्पताल में मरीजों को लगाई जा रही थीं एक्सपायरी डेट की बाटलें!

हरिभूमि न्यूज ⏭ विजयराघवगढ़

राजा सरयू प्रसाद सिंह मेमोरियल अस्पताल में गंभीर चूक का मामला सामने आया है। ड्यूटी डॉक्टर व नर्स द्वारा दवाइयों की बिना डेट चेक किये व बिना परीक्षण के एक्सपायरी डेट की डीएनएस एंटीबायोटिक बाटले बुजुर्गों सहित बच्चों के लगाई जा रही हैं जो की सीधे-सीधे लोगों के स्वास्थ्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है।

शुक्रवार की शाम को मरीज असजद रजा पिता अख्तर रजा 3 वर्ष निवासी बंजारी, बुजुर्ग मरीज बिहारी लाल पटेल पिता जीवनलाल पटेल 75 वर्ष निवासी




गुहावल सहित अस्पताल में अन्य मरीजों के भी एक्सपायरी डेट की डीएनएस एंटीबायोटिक बांटलें लगाई गई थी उसी समय अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ ले रहे 3 वर्ष के बच्चों के परिजन की नजर बोतलों पर अंकित दिनांक पर पड़ी तो उन्होंने ड्यूटी पर डॉक्टर व नर्स से इसकी शिकायत की अस्पताल के स्टाफ द्वारा आनन फानन में चल रही एक्सपायरी डेट की बोतलों को तुरंत ही रद्दी के टोकनी में डाल दिया।

परिजनों को बाहर शिकायत न करने की हिदायत दी लेकिन जब तक इसकी भनक मीडिया कर्मियों को लगी। अस्पताल पहुंचकर स्वास्थ्य लाभ ले रहे मरीज सहित परिजनों से इसकी जानकारी ली तब कहीं जाकर मामला उजागर हुआ वहीं अस्पताल परिसर में जानकारी लगते ही हड़कंप मच गया।

#### इनका कहना है

इस संबंध में बीएमओ डॉक्टर विनोद कुमार ने कहा कि डीएनएस की 50 बोतलों का पूरा कार्टून में पैक होकर आता है, उसको हमने चेक किया है। एक्सपायरी डेट 2027 अंकित है। कुछ बोतलों में मिस प्रिंट होने के कारण 2025 लिख गया है लेकिन इसमें किसी तरह का कोई साइड इफेक्ट नहीं देखा गया। किसी भी मरीज को घबराने की जरूरत नहीं है।

---

### समय सीमा में पूरे हों विकास कार्यों, नियमित मानीटिरंग करें



नगर के समग्र विकास एवं नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से महापौर प्रीति संजीव सूरी ने शुक्रवार को नगर निगम के लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की। बैठक में नगर में प्रस्तावित एवं लंबित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा करते हुए उनकी वर्तमान स्थिति से अवगत होते हुए प्रत्येक कार्य की प्रगति, तकनीकी प्रक्रियाओं तथा कार्यों के क्रियान्वयन में आ रही चुनौतियों के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विकास कार्यों में नियमानुसार एवं पारदर्शी ढंग से अविलंब कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, ताकि शहर के विकास कार्यों को समयसीमा में पूर्ण किया जा सके और आम नागरिकों को बेहतर सुविधाएँ मिल सकें। बैठक में विशेष रूप से लंबित कार्यों को प्राथमिकता देने, प्रस्तावित योजनाओं के शीघ्र क्रियान्वयन तथा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने पर जोर दिया गया। महापौर ने अधिकारियों से कहा कि विकास कार्यों में अनावश्यक विलंब न हो और प्रत्येक चरण की नियमित मॉनिटरिंग करें।

---

# वन विभाग ने आधा दर्जन तस्करों को दबोचा, दो पैंगोलिन किये गये बरामद

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

वन्यप्राणियों की तस्करी के मामले में वन विभाग की टीम ने कटनी जिले के अलग-अलग क्षेत्रों के रहने वाले आधा दर्जन तस्करों को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तस्करों के पास से दो जिंदा पैंगोलिन बरामद हुए हैं, जिन्हें तस्करी के लिए ले जाया जा रहा था। जैतपुर (शहडोल) में 27 अक्टूबर 2025 को दर्ज हुए एक पुराने मामले की जांच करते हुए वन विभाग की टीम दमोह पहुँची। वहाँ सागौनी-कुश्मी मार्ग पर घेराबंदी कर प्रेमलाल राय को गिरफ्तार किया गया। प्रेमलाल मूल रूप से कटनी जिले के बहोरीबंद (गाड़ा) का निवासी है। उसके पास से एक जीवित पैंगोलिन मिला है।

आरोपित प्रेमलाल से मिली



जानकारी के आधार पर वन विभाग ने कटनी-शहडोल मार्ग पर बड़वारा के पास दबिश दी। यहाँ 5 व्यक्ति एक बोरे में जिंदा पैंगोलिन लेकर ग्राहक का इंतज़ार कर रहे थे। वन अमले को देखते ही आरोपी बाइक से भागने लगे, जिन्हें वन विभाग के स्टाफ ने पीछा कर धर दबोचा।

वन विभाग की टीम ने मुन्ना सिंह 65 वर्ष जगतपुर उमरिया, कटनी, मोहन सिंह 60 वर्ष जगतपुर उमरिया, कटनी, शिवप्रसाद विश्वकर्मा 53 वर्ष कांटी, कटनी, साबिर खान 48 वर्ष लमतरा फाटक, कटनी, जयलाल केवट 67 वर्ष खितौली, बरही को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सभी आरोपियों के तार तीन माह पूर्व शहडोल के जैतपुर में दर्ज तस्करी के मामले से जुड़े हुए हैं।

---

### पटवारी ने कहा कांग्रेस जनहित के मुद्दों को लेकर करेगी आंदोलन

# पीसीसी चीफ पटवारी ने भाजपा सरकार पर साधा निशाना, व्यवस्थाओं पर उठाये सवाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

मध्य प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष जीतू पटवारी शुक्रवार को अल्प प्रवास पर कटनी पहुंचे। जिला कांग्रेस कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने प्रदेश सरकार और केंद्र सरकार की नीतियों पर जमकर हमला बोला। कानून व्यवस्था, आर्थिक स्थिति और प्रशासनिक व्यवस्था को लेकर सरकार को कटघरे में खड़ा करते हुए कहा कि मध्य प्रदेश की आज की दशा चिंताजनक है, प्रदेश की व्यवस्थाएं पूरी तरह चरमरा गई हैं। पत्रकारों से संवाद करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि विपक्ष की जिम्मेदारी केवल सवाल पूछना नहीं, बल्कि जनता की आवाज को मजबूती से उठाना भी है और कांग्रेस इस भूमिका को पूरी ताकत से निभा रही



है। पटवारी ने आरोप लगाया कि प्रदेश में कानून व्यवस्था लचर है, आर्थिक प्रबंधन विफल हो चुका है और प्रशासनिक तंत्र जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतर पा रहा।

प्रदेशााध्यक्ष जीतू पटवारी ने मंत्री कैलाश विजयवर्गीय तथा पूर्व मंत्री विजय शाह से जुड़े मामलों का उल्लेख करते हुए कहा कि जिन मुद्दों पर सवाल खड़े हुए हैं, उनमें नैतिक जिम्मेदारी तय होनी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि ऐसे मामलों में इस्तीफा देना लोकतांत्रिक परंपराओं के अनुरूप होगा। श्री पटवारी ने इंदौर में पानी संकट, स्वास्थ्य विभाग से जुड़े आरोपों और कथित सिरप कांड को गंभीर बताते हुए कहा कि यदि इन मामलों में प्रशासनिक लापरवाही सामने आती है तो निष्पक्ष जांच अनिवार्य है। उन्होंने कहा कि जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर सख्त कार्रवाई होनी चाहिए, ताकि जनता का भरोसा बहाल हो सके।

पीसीसी चीफ जीतू पटवारी ने आदिवासी जमीन वापसी के विषय पर भी सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि आदिवासी हितों की रक्षा के लिए कानून तो बने हैं, लेकिन उनका प्रभावी क्रियान्वयन नहीं हो रहा। कई क्षेत्रों में आदिवासी अधिकारों की अनदेखी हो रही है। इसके साथ ही उन्होंने दावा किया कि प्रदेश के कई विभागों में कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है।

पत्रकार वार्ता के अंत में उन्होंने दो टूक कहा कि कांग्रेस जनता से जुड़े मुद्दों को लगातार उठाती रहेगी। यदि सरकार ने जवाबदेही नहीं दिखाई, तो पार्टी सड़क से सदन तक आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेगी। इस अवसर पर जिला कांग्रेस कमेटी शहर अध्यक्ष अमित शुक्ला, ग्रामीण अध्यक्ष कु. सौरभ सिंह सहित कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

### संकल्प से समाधान अभियान के तहत लिये जा रहे आवेदन

# 16 फरवरी से लगेंगे शिविर, अब तक 34 हजार से अधिक आवेदन संग्रहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जिले में चल रहे संकल्प से समाधान अभियान के तहत अब तक घर-घर जाकर एवं शिविर लगाकर 33 हजार 693 आवेदन प्राप्त लिये जा चुके हैं। संकल्प से समाधान अभियान के तहत जिले के 407 ग्राम पंचायतों और नगरीय निकायों के सभी 90 वार्डों में लोगों को शासन की 106 प्रकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों से लाभान्वित करने के लिये 15 फरवरी तक आवेदन लिये जायेंगे।

कलेक्टर आशीष तिवारी के निर्देश पर प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगरीय निकायों में वार्ड स्तरीय समिति बनाई गई है। जिसमें ग्राम और नगरीय वार्ड स्तर के अधिकारी और कर्मचारी जैसे पटवारी, पंचायत सचिव, वार्ड प्रभारी, रोजगार सहायक, आरएईओ, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हेल्थ वर्कर आदि शामिल है। पंचायत व नगरीय वार्ड स्तर पर आवेदन व शिकायतों के एकत्रीकरण के लिए दल गठित किया गया है। जिसके लिये नोडल अधिकारी की नियुक्ति संबंधित अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) द्वारा की गई है। यह दल शासन की विभिन्न योजनाओं व सेवाओं से संबंधित आवेदन व शिकायतों को घर-घर जाकर या शिविर लगाकर एकत्रित कर रहा है। साथ ही इस टीम के नोडल अधिकारी अपने लॉगिन से सभी आवेदनों को पोर्टल पर दर्ज भी कर रहे है।

पोर्टल पर दर्ज करने के उपरांत सभी आवेदनों को क्लस्टर या जोन लेवल अधिकारी के पास जमा किया जाएगा और क्लस्टर या जोन लेवल अधिकारी आवेदनों को विभागवार संबंधित अधिकारियों को निराकरण हेतु प्रेषित कर निराकरण की स्थिति प्राप्त करेंगे।

अभियान का द्वितीय चरण 16 फरवरी से प्रारंभ होकर 16 मार्च तक चलेगा। अभियान के द्वितीय चरण में ग्रामीण क्षेत्रों में क्लस्टर लेवल पर एवं नगरीय क्षेत्रों में नगर व जोन स्तर पर नोडल अधिकारी के रूप में तहसीलदार, नायब तहसीलदार, जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी, विकासखंड शिक्षा अधिकारी, जोनल अधिकारी अथवा समकक्ष अधिकारी रहेंगे।

इस चरण में प्रथम चरण में प्राप्त आवेदन और शेष आवेदन पत्रों के निराकरण हेतु शिविर लगाये जायेंगे। क्लस्टर में पंचायतों की संख्या का निर्धारण कलेक्टर द्वारा जिले में स्थित पंचायतों की संख्या के हिसाब से (आवश्यकतानुसार 15 से 30 ग्राम पंचायतों का समूह में) निर्धारित किया जाएगा। शहरी क्षेत्रों में छोटी नगरपालिका, नगर पंचायत स्तर पर एक शिविर व नगर निगम स्तर पर वार्डों की संख्या के अनुपात में क्लस्टर या जोन तैयार किये जाएगें।

क्लस्टर या जोन लेवल पर शिविर लगाने हेतु समय सारिणी जिले द्वारा तैयार की जाएगी। टीम द्वारा प्राप्त आवेदन व शिकायतों का निराकरण क्लस्टर या जोन लेवल पर आयोजित शिविर में संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा किया जाएगा। आवेदनों का निराकरण को पोर्टल पर क्लस्टर या जोन लेवल के नोडल अधिकारी के द्वारा दर्ज किया जाएगा।

#### विकासखंड मुख्यालय पर लगेगा शिविर

संकल्प से समाधान अभियानः का तृतीय चरण 16 मार्च से 26 मार्च तक चलेगा। इस चरण के अंतर्गत विकासखण्ड स्तर पर नोडल अधिकारी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व, तहसीलदार, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत, अपर आयुक्त नगर निगम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी रहेंगे। इस चरण अंतर्गत ब्लॉक, नगर स्तर पर शिविर आयोजित किए जाएंगे जिसमें क्लस्टर या जोन लेवल पर अनिराकृत शेष आवेदन व शिकायतों या नवीन प्राप्त आवेदनों का निराकरण किया जाएगा।

---

# तिपहिया सवारी वाहनों पर हुई कार्यवाही, 5 ई-रिक्शा किये जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

यातायात पुलिस ने सघन जांच अभियान चलाकर यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 70 ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों के विरुद्ध चालानी कार्रवाई की गई, जबकि गंभीर अनियमितताओं पर 5 ई-रिक्शा जप्त किए गए। यह कार्रवाई किसी दंडात्मक सोच से नहीं, बल्कि यात्रियों के हित, सुरक्षा और भरोसे को मजबूत करने के उद्देश्य से की गई।

यातायात पुलिस द्वारा पूर्व में ऑटो एवं ई-रिक्शा चालकों को क्यूआर कोड उपलब्ध कराए गए थे, ताकि यात्री सीधे फीडबैक दे सकें और सेवाओं में पारदर्शिता बनी रहे। साथ ही वाहनों पर क्यूआर कोड चस्पा करने, वैध दस्तावेज, खाकी यूनिफॉर्म और पहचान बैच अनिवार्य करने के स्पष्ट निर्देश दिए गए थे। बावजूद इसके निर्देशों की अनदेखी सामने आने पर विशेष अभियान चलाया गया।

जांच के दौरान ड्राइविंग लाइसेंस, आरसी, बीमा, यूनिफॉर्म व पहचान बैच का अभाव, नशे की हालत में वाहन चलाना, तेज व लापरवाह ड्राइविंग, निर्धारित से अधिक किराया वसूलना और यात्रियों से दुर्व्यवहार जैसी शिकायतों पर कार्रवाई की गई। यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि यह अभियान जनसुविधा, सुरक्षित यात्रा और भरोसेमंद परिवहन व्यवस्था को मजबूत करने के लिए है और नियमों का पालन करने वाले चालकों को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। वहीं लापरवाही बरतने वालों के विरुद्ध आगे भी सख्त एवं निरंतर कार्रवाई जारी रहेगी।

## खबर संक्षेप

### चंदन के 9 पेड़ काटकर ले गए अज्ञात बदमाश

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना अंतर्गत ग्राम कौड़िया में चंदन की तस्करी का मामला प्रकाश में आया है। बीती रात अज्ञात चोरों ने एक निजी चंदन प्लांट में घुसकर कीमती पेड़ों को काटकर चोरी कर लिया। पुलिस ने इस मामले में जबलपुर निवासी फरियादी की शिकायत पर बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, मनोज कुमार कुर्मी निवासी न्यू नर्मदा नगर, गोहलपुर, जबलपुर का ग्राम कौड़िया में चंदन का प्लांट है। 12 फरवरी की दरम्यानी रात अज्ञात चोरों ने प्लांट की सुरक्षा घेरा तोड़कर अंदर प्रवेश किया और 9 चंदन के पेड़ों को जड़ के पास से काटकर चोरी कर लिया। वारदात के दौरान चोरों ने न केवल कीमती लकड़ी पार की, बल्कि प्लांट को भी काफी नुकसान पहुँचाया है। फरियादी की रिपोर्ट पर पुलिस ने मामला कायम किया है।

### बस स्टैंड में मूलभूत सुविधाओं का अभाव

**सिलौंडी।** दशकों बाद भी सिलौंडी बस स्टैंड में मूल भूत सुविधा का अभाव है। बस स्टैंड जैसी महत्वपूर्ण जगह जहा पर आधा सैकड़ा से अधिक गांवों के लोगों का आना जाना होता है लेकिन यहां प्रसाधन के लिए यात्रियों को भटकना पड़ रहा है। रोजाना दो दर्जन से अधिक बसों का आवागमन होने के बाद भी बस खड़ी करने की जगह नही है। जिला कलेक्टर से लेकर भोपाल स्तर में शिकायत होने के बाद भी एक प्रसाधन, एक प्रतीक्षा लय भी नही बना पर रहा है। ग्रामीण ने बताया कि सिर्फ वोट बैंक की राजनीति हो रही लेकिन सिलौंडी में विकास कार्य नहीं हो पा रहे हैं। प्रसाधन की सुविधा नहीं होने से महिलाओं को विशेष परेशानी होती हैं।

### चाकूबाजी मामले में दो आरोपितों को पकड़ा

**कटनी।** कोतवाली थाना अंतर्गत गाटरघाट मैदान में पिछले दिनों हुई चाकूबाजी की घटना में शामिल दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार 08 फरवरी को मदन मोहन चौबे वार्ड निवासी शुभांशु तिवारी के साथ गाटरघाट स्थित खाली मैदान में गाली-गलौज करते हुए आरोपियों ने चाकू से हमला कर दिया था। घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल था। थाना प्रभारी कोतवाली निरीक्षक राखी पाण्डेय के नेतृत्व में गठित टीम ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की घेराबंदी शुरू की। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हमले में शामिल दो मुख्य आरोपियों को दबोच लिया जिनमें अनमोल चौहान 18 वर्ष एवं लकी उर्फ पीयूष पाल 18 वर्ष दोनो निवासी मरही माता मंदिर के पास शामिल हैं। पकड़े गए दोनों आरोपियों को न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

### दो युवकों की मौत के बाद भड़के ग्रामीणों ने किया पुलिस पर पथराव

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र अंतर्गत बंधी रेलवे फाटक के समीप गत शाम हुए सड़क हादसे में हाइवा ने मोटरसाइकिल सवार दो युवकों को कुचल दिया जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। इस हादसे से आक्रोशित ग्रामीणों ने मौके पर जमकर हंगामा किया, हाइवा चालक की पिटाई की और बीच-बचाव करने पहुंची पुलिस टीम पर पथराव कर दिया। जानकारी के अनुसार धरवारा निवासी राजेंद्र कोल 30 और राजा भैया कोल 30 गुरुवार रात अपनी मोटरसाइकिल से रेलवे फाटक की ओर आ रहे थे। इसी दौरान हाइवा क्रमांक PB 10 HN 2438 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों युवकों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे के बाद माहौल उस वक्त तनावपूर्ण हो गया जब गुस्साए ग्रामीणों और परिजनों ने हाइवा चालक को पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। सूचना मिलते ही जब डायल 112 मौके पर पहुंची तो भीड़ का गुस्सा पुलिस पर फूट पड़ा। ग्रामीणों ने पुलिस वाहन पर पथराव कर दिया जिससे उसमें सवार पुलिसकर्मियों को चोटें आईं। पथराव के बीच जान बचाकर भागते समय पुलिस का वाहन रेलवे फाटक से टकरा गया, जिससे फाटक भी क्षतिग्रस्त हो गया।

## अतिक्रमण करने वालों एवं दुकानों का किराया जमा नहीं करने पर कार्यवाही

# एक्शन में नगर निगम : 4 दुकानों में जड़ा ताला, 8 हजार रुपये का किया स्पॉट फाइन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी





नगर निगम अब सख्त कार्यवाही के मूड में है। वित्तीय वर्ष की समाप्ति के शेष दिवसों को दृष्टिगत रखते हुए बकाया करों की वसूली के लिए कार्यवाही प्रारंभ कर दी गई हैं। वहीं दूसरी ओर शहर एवं उप नगरीय क्षेत्रों में मुख्य मार्गों में अस्थायी अतिक्रमण करने वालों पर जुर्माना कार्यवाही की जा रही है।

राजस्व अधिकारी नगर निगम जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि राजस्व विभाग की टीम द्वारा निगम स्वामित्व की दुकानों की किराया राशि बकाया रहने पर मंगलवार प्रातः सख्त रुख अपनाते हुए बस स्टैंड की चार दुकानदारों के प्रतिष्ठानों पर तालाबंदी की कार्यवाही की गई। उक्त चारों दुकानदारों को पूर्व में भी बकाया किराया राशि निगम कोष में जमा करने हेतु कई बार सूचित किया गया था। श्री पाठक ने बताया कि बस स्टैंड की दुकान क्रमांक 5 के आवंटी पर अप्रेल 2023 से 12 हजार 63 रूपये, दुकान क्रमांक 30 के आबंटी पर 21 हजार 847 रूपये, दुकान क्रमांक 35 के आबंटी पर 47 हजार 850 रूपये तथा दंकान क्रमांक 41 के आवंटी पर 21 हजार 650 रूपये का दुकान किराया शेष था। संबंधित दुकानदारों को पूर्व में भी बकाया किराया जमा करने के लिए पर्याप्त अवसर दिए गए, किंतु निर्धारित समयावधि में भुगतान न किये जाने के कारण निगम प्रशासन को यह कठोर कदम उठाना पड़ा। हालाकि कार्यवाही के पश्चात दुकान क्रमांक 35 के आवंटी को छोड़कर शेष तीन अन्य दुकानदारों द्वारा बकाया किराया राशि जमा करनें पर नियमानुसार दुकानों का ताला खोलनें की कार्यवाही भी की गई।

### अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही

नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्रों के मुख्य मार्गो एवं बाजार क्षेत्रों की सार्वजनिक सड़कों के किनारे जमा अस्थाई अतिक्रमणों को हटाने की कार्रवाई की जा रही है। निगम प्रशासन की इस कार्यवाही से जहां एक ओर मार्ग व्यवस्थित हो रहा है वहीं दूसरी ओर नागरिकों का आवागमन भी सुगम हो रहा है। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि सुगम यातायात हेतु शुक्रवार प्रातः नगरीय एवं उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के बजार क्षेत्रों में अतिक्रमण टीम द्वारा मार्च की कार्यवाही के दौरान दुकानों के बाहर रखी सामग्री एवं टीन शैड, बोर्ड, अनाधिकृत रूप से रखे ठेले, टपरों को स्वेच्छा से हटानें की मुनादी की गई। दोपहर पश्चात उपनगरीय क्षेत्र माधवनगर के मुख्य मार्गो एवं नगर के विभिन्न बाजार क्षेत्रों गर्ग चौराहा से दुर्गा चौक, सुभाष चौक, झंडा बाजार, कपड़ा बाजार, पुरानी कचहरी, मिशन चौक, बस सटैंड, सिल्वर टॉकीज रोड़, कोतवाली तिराहा सहित नगर के अन्य स्थलों में की गई कार्यवाही के दौरान सब्जी विक्रेताओं एवं ठेला संचालकों को सार्वजनिक मार्ग से हटाया गया।

अभियान के दौरान दुकानों की सामग्री को निर्धारित स्थल दुकान के अंदर कराया जाकर यातायात व्यवस्था सुदृढ़ किया गया। समाचार लिखे जाने तक की गई कार्यवाही के दौरान 8 हजार रूपये का स्पॉट फाइन भी किया गया। निगम प्रशासन द्वारा अतिक्रमण हटाने की की गई कार्यवाही के पश्चात क्षेत्र की सड़कें साफ, सुन्दर एवं सुगम आवागमन हेतु चौड़ी दिखाई दी। अतिक्रमण प्रभारी मानेन्द्र सिंह ने बताया कि नियमित रूप से अतिक्रमण हटाने के की कार्यवाही आगे भी चलती रहेगी।



## विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू जाति के सर्वे का कार्य प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद

मप्र जन अभियान परिषद, विकासखंड रीठी द्वारा विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू जातियों के सर्वेक्षण कार्य शुरू किया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल, विकासखंड समन्वयक अरविंद शाह एवं नवांकुर संस्था युवा सवेरा समिति के अध्यक्ष गोवर्धन रजक की उपस्थिति में सर्वेक्षण की रूपरेखा एवं कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई।सर्वेक्षण कार्य में कुल 51 जातियों को सम्मिलित किया गया है। चिन्हित सभी जातियों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए सर्वेक्षण को ऑफलाइन एवं ऑनलाइन दोनों माध्यमों से प्रभावी ढंग से संपन्न कराने हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है।सर्वे कार्य को सुव्यवस्थित रूप से संचालित करने के लिए विकासखंड रीठी को पाँच सेक्टरों में विभाजित किया गया है तथा प्रत्येक सेक्टर में एक-एक सर्वेयर को जिम्मेदारी सौंपी गई है। सभी सर्वेयर संयुक्त रूप से समन्वित तरीके से सर्वेक्षण कार्य कर रहे हैं।ग्राम पंचायत पिपरिया परोहा में विकासखंड समन्वयक जगन सिंह मसराम की उपस्थिति में सर्वेयर गोवर्धन रजक एवं सहायक सचिव अमर बहादुर द्वारा सर्वेक्षण कार्य का सफलतापूर्वक शुभारंभ किया गया।

सर्वे के दौरान ग्रामीणजन भी उपस्थित रहे एवं उन्होंने सहयोग प्रदान किया।जिला समन्वयक डॉ. तेज सिंह केशवाल ने बताया कि मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद द्वारा संचालित इस सर्वेक्षण का मुख्य उद्देश्य विमुक्त, घुमंतू एवं अर्ध-घुमंतू समुदायों को शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना तथा उनके सामाजिक एवं आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में ठोस कदम उठाना है।

## दो दुकान संचालकों पर 35 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम की धाराओं की उल्लंघन और बिना खाद्य पंजीयन के दुकान का संचालन करने तथा अवमानक खाद्य पदार्थों की बिक्री करने पर दो प्रतिष्ठानों के विरूद्ध न्याय निर्णायक अधिकारी एवं अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी नीलाम्बर मिश्रा ने दोनों प्रतिष्ठानों पर 35 हजार रूपये का जुर्माना लगाया है।

न्याय निर्णायक अधिकारी ने स्लीमनाबाद की ग्राम धरवारा के भरत पांडे द्वारा बिना खाद्य पंजीयन के दुकान का संचालन करते पाये जाने और एफएसएसएआई का लायसेंस व रजिस्ट्रेशन नहीं होने पर इसके शर्तों का उल्लंघन करते हुए दुकान में खाद्य सामग्री पान गुटका, नमकीन, कोलड्रिंक आदि विक्रय पाए जाने पर 10 हजार रूपये का अर्थदण्ड लगाया है।

इसी प्रकार जुर्माना खाद्य पदार्थ पतंजली गाय का घी का संग्रहण एवं बिक्री होना पाए जाने के कारण कटनी शहर के रफी अहमद किदवई वार्ड जाग्रति कालोनी के अरूण किराना स्टोर दुर्गा चौक खिरहनी से पतंजली गाय का घी का नमूना लिया गया जो अवमानक पाया गया जिस पर 25 हजार के आर्थिक दण्ड से दण्डित किया गया है।

### ई-केवाइसी नहीं कराने पर निर्माण श्रमिकों का पंजीयन होगा निरस्त

**कटनी।** म.प्र. भवन एवं अन्य संनिर्माण कर्मकार कल्याण मंडल, योजना अंतर्गत पंजीकृत निर्माण श्रमिकों की ई-केवाइसी कराए जाने हेतु निर्देश प्रदाय किये गये हैं। शासन के निर्देशानुसार ऐसे समस्त निर्माण श्रमिक, जिनका ई-केवाइसी अब तक पूर्ण नहीं हुआ है, उन्हें एक माह की समय-सीमा के भीतर अनिवार्य रूप से ई-केवाइसी पूर्ण कराना होगा। निर्धारित समयावधि में ई-केवाइसी पूर्ण न कराए जाने की स्थिति में संबंधित निर्माण श्रमिक का पंजीयन निरस्त किया जाना सुनिश्चित किया जाएगा, जिस हेतु अपील मान्य नहीं की जावेगी। श्रम विभाग कटनी द्वारा जिले अंतर्गत पंजीकृत समस्त निर्माण श्रमिकों से ई-केवाइसी की प्रक्रिया समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराने हेतु अपील की गई है।

### 8 वर्षीय बालक की मौत से बढ़ा रोष, कार्यवाही करने की मांग

**कटनी।** स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र में 8 वर्षीय मासूम आकाश चौधरी की मौत से पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। मामला स्लीमनाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम इमलिया का है, जहां का रहने वाला आकाश चौधरी नवीन शिक्षा निकेतन बंधी आश्रम में दूसरी कक्षा का छात्र था। परिजनों का आरोप है कि 16 जनवरी को स्कूल में पढ़ने वाले एक अन्य छात्र ने आकाश के सिर पर डंडा मार दिया दिया था, जिससे उसके सिर में गंभीर चोट आई थी। घटना के बाद से ही बच्चे का इलाज सिहोरा व जबलपुर मेडिकल कॉलेज में चल रहा था लेकिन गुरुवार को इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मासूम की मौत की खबर फैलते ही परिजनों और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखने को मिला। बड़ी संख्या में लोग शव लेकर स्लीमनाबाद थाने पहुंचे और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। परिजनों ने स्कूल प्रबंधन और आरोपी बच्चे पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए FIR दर्ज करने की मांग की है। परिजनों का कहना है कि अगर मामले में गंभीर कार्रवाई नहीं की गई और एफआईआर दर्ज नहीं हुई, तो वे थाना घेराव और आंदोलन करेंगे।

### सीईओ ने योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर दिये निर्देश



सेक्टर दशरमन मुख्यालय में रोजगार सहायक, सचिवों की समीक्षा बैठक मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा युजवेंद्र कोरी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। श्री कोरी ने बैठक में बरोदा जी आर एस सचिव के अनुपस्थित रहने पर एक दिवस की वेतन कटौती के निर्देश दिए। उन्होंने मनरेगा ekyc की प्रगति न्यून होने पर ग्राम पंचायत मुरवारी,परसेल,बरही को शो काज नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। श्री कोरी ने मनरेगा ekyc कार्य को तीन दिवस शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिए। जनपद पंचायत के सीईओ ने लेबर बजट – ग्राम पंचायत बरही मुरवारी पिपरिया शुक्ल परसेल घुघरी को लक्ष्य के विरुद्ध न्यन लेबर बजट प्राप्त करने कारण बताओ सूचना पत्र जारी करने के निर्देश दिए। योजनाओं की समीक्षा करते हुए उन्होंने एक बगिया मा के नाम अंतर्गत कार्यों मे प्रगति लाने ,पुराने कार्य पूर्ण कर सी सी जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने समग्र ekyc में कम से कम 95 प्रतिशत ekyc करने के निर्देश दिये गये एवं आवास की ekyc शत प्रतिशत पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। संबल ,अनुग्रह ,आयुष्मान कार्ड बनाने के निर्देश ग्राम पंचायतों को दिए। बृंदावन योजना की समीक्षा की करते हुए कार्य योजना की जानकारी दी गई। इस दौरान उन्होंने ट्रायल, उद्योग, कृषि विभाग से समन्वय कर कार्य करने के निर्देश दिए।

## सच्ची भक्ति से की जा सकती है भगवान की प्राप्ति, मित्रता में नही होनी चाहिए छल-कपट की भावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद




समीपस्थ ग्राम पंचायत सलैया प्यासी में विश्व कल्याण की कामना को लेकर चल रहे सप्ताह ज्ञान यज्ञ का शुक्रवार को समापन हो गया। सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिवस श्रीकृष्ण-सुदामा चरित्र की कथा पर प्रकाश डाला गया।सप्ताह ज्ञान यज्ञ के अंतिम दिन कथा वाचक पंडित दिलीप पौराणिक के द्वारा उपस्थित जनमानस को बतलाया की श्रीकृष्ण का नाम अनमोल है।यदि पापी भी श्रीकृष्ण का नाम लेता है तो उसे सद्गति मिल जाती है।जिसके ह्दय मैं प्रभु के प्रति भाव जागते है वही लोग प्रभु की कथा में शामिल होते है।

श्रीमद्भागवत कथा का श्रवण कर उसके उपदेश को जीवन मैं उतारे तभी कथा की सार्थकता है।भगवान का आगमन सदैव धर्म की रक्षा के लिए हुआ है। श्रीमद्भागवत कथा हमे समाज के संस्कार ,अच्छे बुरे की पहचान सिखाती है।सच्ची भक्ति से ही भगवान की प्राप्ति की जा सकती है।

कथा में श्रीकृष्ण-सुदामा मित्रता का प्रसंग सुनाया गया।कथा वाचक ने कहा कि सच्ची मित्रता के लिए कृष्ण सुदामा की मित्रता का उदाहरण दिया जाता है। द्वारपाल के मुख से सुदामा सुनते ही द्वारिकाधीश नंगे पांव मित्र की अगवानी करने पहुंच गए। श्रीकृष्ण ने स्वयं सिंहासन पर बैठाकर सुदामा के पांव पखारे। कथा सुनकर श्रद्धालु भाव विभोर हो उठे। शनिवार को विशाल भंडारा आयोजित किया जाएगा व शनिवार को दाधिकंधोत्सव आयोजन होगा।

इस दौरान जिला पंचायत सदस्य पंडित प्रदीप त्रिपाठी,जयदीप त्रिपाठी, रमेश माया प्यासी, अनिल प्यासी, ओमप्रकाश मिश्रा,सुरेन्द्र, डॉ अमित प्यासी, अतुल प्यासी, प्रमोद मिश्रा, महेन्द्र मिश्रा उपस्थित रहे।

## दो युवकों की मौत पर बवाल, ग्रामीणों ने चालक को पीटा, पुलिस पर पथराव

**बंधी स्टेशन के समीप हुये हादसे के बाद ग्रामीणों में बढ़ा आक्रोश**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ स्लीमनाबाद



थाना क्षेत्र अंतर्गत बंधी स्टेशन में गुरुवार की रात सडक हादसे के बाद जमकर बवाल हुआ। बंधी रेलवे फाटक के पास एक तेज रफ्तार हाइवा ने बाइक सवार दो युवकों को कुचल दिया, जिससे दोनों की मौके पर ही मौत हो गईं। इस घटना से गुस्साए ग्रामीणों ने हाईवा चालक की पिटाई की ओर मौके पर पहुंची पुलिस पर भी हमला कर दिया। ग्रामीणों ने पुलिस टीम ओर उनके गाड़ियों पर पथराव किया।

जानकारी अनुसार गत रात करीब 8 बजे बंधी स्टेशन के पास रेलवे फाटक की ओर से आ रहे राजेन्द्र कोल 30 वर्ष ओर राजा भैया कोल 30 वर्ष को हाइवा क्रमांक pb 10 hn 2438 ने जोरदार टक्कर मार दी। दोनों युवक धरवारा गाँव के रहने वाले थे। टक्कर इतनी भीषण थी कि दोनों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की ख़बर मिलते ही मृतको के परिजन ओर सैकड़ो ग्रामीण सडक पर उतर आये।

घटना के बाद लोगों में गुस्सा इतना ज्यादा था कि जब डायल 112 वाहन मोके पर पहुँचा तो भीड़ ने उस पर पथराव शुरू कर दिया। इस हमले मै वाहन सवार दो पुलिस कर्मी ओर पायलट को चोट आई। पुलिस कर्मियों को जान बचाकर वहाँ से भागना पड़ा। इसके बाद आक्रोशित भीड़ ने पकड़े गये हाइवा चालक के साथ भी मारपीट की।

तनावपूर्ण स्थिति की सूचना मिलते ही एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी, थाना प्रभारी स्लीमनाबाद सुदेश सुमन, माधव नगर थाना प्रभारी संजय दुबे भारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचें। अधिकारियो ने ग्रामीणों को काफ़ी देर तक समझाया ओर दोषियों पर सख्त कार्रवाई का भरोसा दिलाया, तब कहीं जाकर मामला शांत हुआ। पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के भेजा।

### स्थिति नियंत्रण में

एसडीओपी आकांक्षा चतुर्वेदी ने बताया कि हाईवा को जब्त कर लिया ओर चालक को हिरासत मै लें लिया गया है। भीड़ के हमले में दो पुलिस कर्मियों ओर वाहन पायलट को चोट आई है। हालांकि अब स्थिति नियंत्रण मै है। एहतियात के तौर पर गाँव मै देर रात तक पुलिस बल तैनात रखा गया।

## निगम एवं जोन कार्यालय में रहेगी कर जमा करने की सुविधा

# विशेष शिविरों के माध्यम से ननि कोष में पहुंचे 6.36 लाख

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी



**वित्तीय वर्ष की समाप्ति को दृष्टिगत रखते हुए नगर निगम प्रशासन द्वारा सुगम सेवा- सरल भुगतान हेतु नागरिकों को बकाया करों के भुगतान की सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किये जा रहे राजस्व वसूली शिविर का नागरिक गण भरपूर लाभ प्राप्त कर अपने बकाया करों की राशि निगम कोष में जमा कर रहे है।**

नगर निगम के राजस्व अधिकारी जागेश्वर प्रसाद पाठक ने बताया कि नगारिकों की सुविधा हेतु शुक्रवार को सुभाष चौक, बिलगवां आंगनवाड़ी केंद्र सहित मुख्य रेलवे स्टेशन के बाहर वाणिज्यिक केंद्र के पास विशेष कर वसूली शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान शिविर स्थल में संलग्न राजस्व टीम द्वारा नागरिकों को बकाया संपत्ति कर, जलकर एवं दुकान किराया राशि की जानकारी प्रदान की जाकर बकाया राशि जमा कराने की सुविधा प्रदान की गई। राजस्व अधिकारी श्री पाठक ने बताया कि गुरुवार को आयोजित विशेष शिविर के दौरान 6 लाख 36 हजार 825 रुपये संपत्ति कर, 2 लाख 4 हजार 140 रुपये जल कर तथा 2 लाख 75 हजार 68 रुपये दुकान किराया राशि निगम कोष में जमा की गई।

### डोर टू डोर संपर्क जारी

वित्तीय वर्ष की समाप्ति को देखते हुए निगम के राजस्व अमले की गठित जलकर एवं संपत्ति कर वसूली टीमों द्वारा भी वार्डों में डोर टू डोर पहुंचकर नागरिकों से संपर्क किया जा रहा है तथा नागरिकों को उनके बकाया करों एवं आयोजित हो रहे शिविरों की जानकारी प्रदान की जाकर निगम कोष में बकाया राशि जमा कराने के प्रयास जारी है।

### आज यहां लगेंगे शिविर

नागरिकों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए शनिवार को शासकीय अवकाश के दिन भी नगर निगम कार्यालय के कक्ष क्रमांक 37 व जोन कार्यालयों के अतिरिक्त नगर के तीन स्थलों सुभाष चैक, खेरमाई मंदिर के पास तथा दुकान किराया राशि जमा करने हेतु बिलैया तलैया सब्जी में विशेष राजस्व वसूली शिविर का आयोजन किया जाकर नागरिकों को बकाया करों को जमा करने की सुविधा प्रदान की जायेगी। नागरिकों से अपील की गई है कि वे अवकाश के दिनों में कार्यालय खुला रखने एवं विशेष शिविर के आयोजन का लाभ उठाकर निगम के बकाया करों को समय से जमा कर भविष्य में होने वाली अप्रिय स्थिति से बचें।

## अधिकारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

**कलेक्ट्रेट कार्यालय में दिया जाएगा दो कार्य दिवस का प्रशिक्षण**

कलेक्टर एवं अध्यक्ष जिला इ गर्वनेंस आशीष तिवारी के निर्देश पर जिले के समस्त विभागों में आइजीओटी कर्मयोगी पोट्रल, एमपीइ सेवा पोर्टल एवं एस एस ओ पोर्टल के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु सभी विभागों के शसकीय सेवकों को दो कार्य दिवस का प्रशिक्षण कलेक्ट्रैट के इ दक्ष केंद्र कक्ष क्रमांक 89 प्रथम तल कार्यालय कलेक्ट्रैट में दिया जाएगा।

पुलिस अधीक्षक, वन मंडल अधिकारी कटनी, मुख्य कार्यपालन अधिकरी, जिला पंचायत अनुविभागीय अधिकारी कटनी, अनुविभागीय अधिकारी वि गढ़, अनुविभागीय अधिकारी बहोरीबंद, अनुविभागीय अधिकारी ढीमरखेड़ा, आयुक्त नगर पालिक निगम कटनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत कटनी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत रीठी, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बडवारा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत विजयराघगढ़, को 13 से 16 फरवरी को प्रातः 10:30 से शाम 5:30 बजे तक प्रशिक्षण दिया जावेगा।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत बहोरीबंद, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत ढीमरखेड़ा, जिला आबकारी अधिकारी कटनी, अधीक्षण यंत्री म0प्र0रा0वि0मं0 कटनी, अधीक्षण यंत्री नर्मदा विकास मंडल कटनी, अधीक्षण यंत्री नर्मदा विकास मंडल क्रमांक 6 कटनी, जिला आपूर्ति अधिकारी कटनी, वाणिज्य कर अधिकारी वृत -1 कटनी, वाणिज्य कर अधिकारी वृत-2 कटनी, जिला कोषालय अधिकारी कटनी, जिला शिक्षा अधिकारी कटनी, जिला (उच्च शिक्षा) अधि./ प्रचार्य तिलक महा0 कटनी को 17 एवं 18 फरवरी को प्रातः 10:30 से शाम 5:30 बजे तक प्रशिक्षण दिया जावेगा।

जिला अति० क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी कटनी, जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग कटनी, जिला रोजगार अधिकारी कटनी, जिला खेल अधिकारी कटनी, महाप्रबंधक उद्योग एवं व्यापार कटनी, सिविल सर्जन स्वास्थ्य विभाग कटनी, उप संचालक कृषि कटनी, उप संचालक खनिज कटनी, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवायें कटनी, जिला जन संपर्क अधिकारी कटनी, उप संचालक पंचायत एवं समाजिक न्याय कटनी, जिला संयोजक आदिम जाति कल्याण विभाग कटनी को 19 एवं 20 फरवरी को प्रातः 10:30 से शाम 5:30 बजे तक प्रशिक्षण दिया जावेगा।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव नोहलेश्वर महोत्सव मेले पर किसान सम्मेलन में हुए शामिल, मंच से की कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

# सीमा पर जवान और खेत में किसान दोनों हमारे लिये बराबर, सरकार इनके हित के लिये संकल्पित हैः सीएम






## नोहलेश्वर महोत्सव आस्था के साथ संस्कृति, परम्परा और सामाजिक समरसता का उत्सव : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

नोहलेश्वर महादेव की महिमा ऐसी है कि जो एक बार आता है, उसका मन बार-बार यहां आने को करता है। कृपावंत, कृपाशंकर भगवान नोहलेश्वर महादेव के आशीर्वाद से हम प्रदेश के विकास और जनकल्याण के लिए पूरी ऊर्जा और जिम्मेदारी के साथ आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि नोहलेश्वर महोत्सव आस्था ही नहीं, स्थानीय संस्कृति, परम्परा और सामाजिक समरसता का भी उत्सव है। हमारी सरकार आस्था के स्थलों के संरक्षण और पर्यटन विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उक्त बातें मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने शुक्रवार को दमोह जिले के जबेरा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम नोहटा में नोहलेश्वर महोत्सव मेले के अवसर पर आयोजित किसान सम्मेलन को संबोधित करते हुये ही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मेले का दीप प्रज्वलन का शुभारंभ किया।

किसान सम्मेलन में मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्षेत्रीय जनता की मांग पर नोहटा को परीक्षण के उपरांत नगर परिषद बनाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने कहा कि दमोह में 2 करोड़ रूपए की लागत से गीता भवन का निर्माण किया जाएगा। दमोह जिले में बांदकपुर-सेमरखो जलाशय की क्षमता में वृद्धि कर 600 करोड़ रूपए की नई सिंचाई परियोजना विकसित की जाएगी। इससे जिले के 33 गांवों को भरपूर पानी मिलेगा। दमोह में 10 करोड़ रूपए की लागत से वॉटर स्पोर्ट्स, बोट क्लब सहित अन्य पर्यटन गतिविधियों का विकास किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि तेंदूखेड़ा और हटा में खेल गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए नए स्टेडियम बनाए जाएंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने सुप्रसिद्ध भजन गायिका सुश्री शहनाज अख्तर का अभिनंदन भी किया।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राज्य सरकार दमोह के साथ-साथ पूरे बुंदेलखंड के विकास के लिए तत्पर है। यहां के तेंदूखेड़ा में 165 करोड़ की नई योजना को स्वीकृति दी गई है। दमोह के लिए नया फोर लेन भी मंजूर किया गया है। दमोह में पर्यटन के साथ-साथ उद्योगों को बढ़ावा दिया जा रहा है। राज्य सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि सभी क्षेत्रों में समान रूप से प्रयास कर रही है। दमोह जिले में जैविक खेती के प्रोत्साहन के लिए जैविक हाट लगाए जा रहे हैं। अब तक जिले में 69 जैविक हाटों में 28 लाख रुपए के उत्पादों की बिक्री हुई है। जिला प्रशासन ने किसानों को खाद वितरण के लिए ई-टोकन की व्यवस्था की, यह अत्यंत सराहनीय पहल है।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि आप हमारे अन्नदाता हैं। आपकी खुशहाली और समृद्धि से ही देश खुशहाल बनेगा। हम खेती के साथ-साथ पशुपालन को भी प्रोत्साहन दे रहे हैं। कृषि, पशुपालन और खाद्य प्रसंस्करण बढ़ाना हमारी सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पशुपालन से दूध उत्पादन बढ़ेगा। हमने प्रदेश का दूध उत्पादन बढ़ाकर 20 प्रतिशत तक करने का लक्ष्य रखा है। हमारी सरकार पशुपालन, गौपालन और गौ-संरक्षण की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने किसी भी देश के साथ रिश्तों में किसानों के हितों से कभी समझौता नहीं किया। खेतों में किसान और सीमा पर जवान, दोनों हमारे लिए बराबर सम्मान रखते हैं। राज्य सरकार किसानों के स्वास्थ्य का भी विशेष ध्यान रख रही है। विकास कार्यों को गति देने में हमारी सरकार सदैव जनता के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में माताओं-बहनों का स्थान सर्वोपरि है। हम अपने देश को भी माता का दर्जा देते हुए भारत माता कहकर सम्मान देते हैं। माताएं-बहनें हमारे परिवार की शोभा हैं। हमारी सरकार हमेशा लाड़ली बहनों के साथ खड़ी है। लाड़ली बहनों को हर महीने 1500 रुपए की सहायता राशि दी जा रही है। वे अपनी मेहनत और निष्ठा से पूरे कुल, खानदान, परिवार का लालन-पालन करती हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि दमोह में औद्योगिक प्रक्षेत्र के विकास के साथ जरूरतमंद युवाओं को रोजगार के नए अवसर मिलेंगे। सूखे खेत को पानी मिल जाए, तो फसल सोने जैसी हो जाती है। दमोह जिले को केन-बेतवा लिंक परियोजना से सिंचाई के लिए पानी मिलेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने पहली बार श्रीकृष्ण जन्माष्टमी और गीता जयंती को भव्यता के साथ मनाने की शुरुआत की। मध्यप्रदेश देश का एकमात्र राज्य है, जो विकास के साथ विरासत का भी संरक्षण कर रहा है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि नोहटा का नोहलेश्वर मंदिर 1100 साल से अधिक पुराना है, जिसे कलचुरी साम्राज्य में महारानी नोहला ने इसे बनवाया था। नोहलेश्वर महोत्सव के आयोजन से इस क्षेत्र के पर्यटन को नई ऊर्जा मिल रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्यप्रदेश की धरती पर चीतों के पुनर्स्थापन से नया चमत्कार हुआ है। श्योपुर के कूनो नेशनल पार्क में विदेश से 20 चीता लाए गए थे, अब 35 चीते प्रदेश की धरती पर दौड़ लगा रहे हैं, चीतों का परिवार बढ़ रहा है। कुछ दिन पहले मादा चीता आशा ने 5 शावकों को जन्म दिया है।



### भगवान नोहलेश्वर के दर्शन पूजन किया

**दमोह ।** प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जिले के ग्राम नोहटा में स्थित नोहलेश्वर मंदिर में भगवान नोहलेश्वर के दर्शन पूजन की और प्रदेश की खुशहाली के लिये कामना की। उन्होंने कल्चुरी काल के विरासत और वैभव की प्रदक्षिणा की। उन्होंने एएसआई द्वारा नोहलेश्वर मंदिर के पुराने चित्रों के अलबम का अवलोकन भी किया।

इसी साल जून में नौरादेही अभ्यारण्य में चीतों को छोड़ा जाएगा। राज्य सरकार ने मध्यप्रदेश टाइगर, चीता, गिद्ध और घड़ियाल के मामले में देश में शीर्ष स्थान पर है। उन्होंने कहा कि वन्यजीव पर्यटन को बढ़ाने के लिए राज्य सरकार ने होम स्टे की योजना बनाई है। इससे लोगों को रोजगार मिलेगा और वे पर्यटकों को अपने घरों में होम स्टे बनाकर ठहरा सकेंगे। होम स्टे तैयार करने वाले हितग्राहियों को शासकीय अनुदान भी दिया जा रहा है। उन्होंने होम स्टे संचालनकर्ताओं से कहा कि जब पर्यटक आएं, तो उनकी अच्छी तरह मेहमान नवाज़ी करें। होम स्टे से ग्रामीणों की आय तेजी से बढ़ रही है।

संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास और धर्मस्व राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव के नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। मध्यप्रदेश ने ऊर्जा के क्षेत्र में प्रगति करते हुए आज 26 हजार मेगावॉट से अधिक बिजली उपलब्धता सुनिश्चित किया है। मध्यप्रदेश में किसानों को ब्याज रहित ऋण दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव मैन ऑफ आइडियाज हैं। उन्होंने अनेक जनकल्याणकारी योजनाओं को जमीन पर उतारा है। राज्यमंत्री श्री लोधी ने मुख्यमंत्री से नोहटा को नगर परिषद बनाने की मांग करते हुए कहा कि दमोह के तेंदुखेड़ा और हटा में नए स्पोर्ट्स स्टेडियम के निर्माण से क्षेत्रीय युवाओं को नई खेल ऊर्जा मिलेगी।

दमोह के लोकसभा सांसद राहुल सिंह लोधी ने कहा कि दमोह में मेडिकल कॉलेज बनकर तैयार हो रहा है। बुंदेलखंड में सबसे बड़ी समस्या पानी की थी, जो अब दूर होती जा रही है। देश की पहली नदी जोड़ो परियोजना केन-बेतवा लिंक से दमोह जिले के 300 से अधिक गांवों को सिंचाई और पेयजल के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। प्रधानमंत्री श्री मोदी और मुख्यमंत्री डॉ. यादव के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश के गरीब, किसान, युवा और नारी, हर वर्ग को सरकार की जनहितैषी योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने 100 करोड़ की लागत से जागेश्वर महादेव मंदिर के विकास कार्य की घोषणा की थी, जिसका काम अब भी जारी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने नौरादेही अभ्यारण्य में चीते छोड़े हैं, जिससे क्षेत्र की पर्यटन संभावनाओं को नई पहचान मिली है। किसान सम्मेलन में पशुपालन एवं डेयरी राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल, पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत मलैया, पिछड़ा वर्ग आयोग के अध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण कुसमरिया, विधायक हटा श्रीमती उमा खटीक, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रंजीता गौरव पटैल, उपाध्यक्ष श्रीमती मंजु धर्मेन्द्र कटारे, भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे, पूर्व मंत्री दशरथ सिंह लोधी, पूर्व विधायक सोनाबाई, पूर्व सांसद चन्द्रभान सिंह, वरिष्ठ नेता विद्यासागर पांडे, भावसिंह लोधी, आयुक्त जनसंपर्क दीपक सक्सेना, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष प्रीतम सिंह लोधी, शिवचरण पटैल, गौरव पटैल, रूपेश सेन, सत्येन्द्र सिंह लोधी, नितेन्द्र सिंह लोधी, महेश पटैल, सत्यपाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि, लाड़ली बहनें, युवा और बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान बंधु उपस्थित थे।

### मुख्यमंत्री जी द्वारा की गई घोषणाएं

- इसी वर्ष जून 2026 से पहले नौरादेही अभयारण्य (सागर-दमोह) में चीते लाए जाएंगे।
- गीता भवन में बनाने के लिए 2 करोड़ देने की घोषणा की। यह अपने लिए अद्भुत एक अपनी सौगात मिलेगी। जहाँ सभी प्रकार के लिए लाइब्रेरी में बच्चे भी पढ़ेंगे, अपने विविध प्रकार के आयोजन भी होंगे, सभी प्रकार के धार्मिक आयोजन भी हो सकेंगे।
- व्यारमा नदी से पानी लिफ्ट कर, बांदकपुर-सेमरखो जलाशय की क्षमता में वृद्धी कर पानी को पुनः लिफ्ट कर दमोह विधानसभा के 33 ग्रामों की 14000 क्षेत्र को सिंचाई सुविधा के लिए 600 करोड़ घोषणा की।
- जेल दमोह की आवश्यकता को देखते हुए नवीन जिला जेल रिडेन्सिफिकेशन योजना अंतर्गत 70 करोड़ की घोषणा की।
- तेंदूखेड़ा नगर में खेल स्टेडियम बनाने की बात पर उन्नयन, मरम्मत आदि के लिए खेल स्टेडियम बनाने की घोषणा की।
- हटा में भी स्टेडियम बनाने की घोषणा की।
- धुनय धाम सिंचाई परियोजना के लिए यहीं से परीक्षण करके इस योजना को करने की घोषणा की।
- दमोह के राजनगर तालाब में बोट क्लब, सीतानगर बांध, और सतधरू बांध पर पर्यटन गतिविधियाँ बढ़ाने के लिए घोषणा की।
- नोहटा में 'फोरलेन' को हम सागर तक बनवाएंगे (जबलपुर से सागर)।
- व्यारमा नदी पर 10 करोड़ के माध्यम से वाटर स्पोर्ट्स, बोट क्लब और अन्य निर्माण कार्य कराने की घोषणा की।
- हमने एक आयोग बनाया हुआ है, परीक्षण के आधार पर नोहटा को नगर परिषद बनाई जाएगी।

### किसान सम्मेलन का हुआ आयोजन



**दमोह।** प्रदेश मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के मुख्य आतिथ्य में विशाल किसान सम्मेलन का आयोजन किया गया जिसमें मुख्यमंत्री जी ने नोहलेश्वर मंदिर के दर्शन उपरांत किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग तथा संबद्ध विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनी का अवलोकन किया। प्रदर्शनी में उन्नत कृषि तकनीकी, एक जिला एक उत्पाद ,मशरूम उत्पादन, मछली पालन, ड्रिप सिंचाई, तालाब का 3 लेयर सिस्टम छात्रों द्वारा किए गए नवाचार, नवीन कृषि यंत्रों, जैविक पर्यटक ग्राम, जैविक हाट बाजार, परंपरागत कृषि यंत्र, पशुपालन, उद्यानिकी एवं महिला बाल विकास, पुलिस विभाग, वन विभाग की प्रदर्शनियों का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने दमोह जिले में लगाई गई प्रदर्शनियों की प्रशंसा की। किसान सम्मेलन में तकनीकी विशेषज्ञ डॉ. शांति स्वरूप सारस्वत औषधि फसलों के विशेषज्ञ एवं श्री ताराचंद बेल जी जैविक एवं प्राकृतिक खेती के विशेषज्ञ द्वारा किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया। इस अवसर पर विभागीय अधिकारियों के साथ ही बड़ी संख्या में किसान भाई मौजूद रहे।

### दमोह से कुण्डलपुर तक रेल लिंक लाईन की स्वीकृति की मांग

**दमोह।** दमोह विधायक एवं पूर्व मंत्री जयंत मलैया ने प्रस्तावित दमोह से कुण्डलपुर तक रेल लिंक लाईन की स्वीकृति को लेकर मांग पत्र सौंपा। पत्र में विषयांतर्गत लेख है बुन्देलखण्ड प्रांत अंतर्गत दमोह जिले की पटेरा तहसील में पवित्र जैन समुदाय का तीर्थ अतिशय सिद्धक्षेत्र कुण्डलपुर स्थित है। यहां देश-विदेश से प्रतिदिन यात्रियों एवं पर्यटकों का आवागमन बना रहता है। श्री दिगम्बर जैन सिद्धक्षेत्र कुण्डलगिरि कुण्डलपुर समिति दमोह द्वारा पत्र के माध्यम से प्रस्तावित दमोह से कुण्डलपुर तक रेल लिंक लाईन की स्वीकृति प्रदान किये जाने हेतु निवेदन किया है। दमोह से कुण्डलपुर तक नई रेल लाईन सर्वे दो बार भारत सरकार द्वारा संसद के रेल बजट में घोषित हो चुका है। जिसके सर्वे का कार्य भी पूर्ण कर पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर द्वारा दमोह-कुण्डलपुर के बीच नई रेलवेलाईन की सर्वे रिपोर्ट बोर्ड को पत्र क्रं. **EW/HQ/BPL/RECT/DAMOH-KUNDALPUR** दिनांक 07/07/2007 द्वारा भेजी जा चुकी है, जो मूलतः संलग्न है। उक्त रेल सर्वे के आधार पर भारतीय रेलवे ने अपने आधे हिस्से की वित्तीय स्वीकृति देकर शेष आधे हिस्से की वित्तीय स्वीकृति हेतु प्रस्ताव 2008 में राज्य शासन के पास भेजा था। उक्त प्रस्ताव के अनुसार रेलवे और राज्य सरकार दोनों को साथ मिलकर उक्त कार्य करने का उद्देश्य था। जिसके अनुसार भारतीय रेल मंत्रालय ने वर्ष 2008 में 49 करोड़ रूपये राशि तय की थी। उक्त प्रस्ताव अनुसार आपके द्वारा भारत सरकार के लिए इस रेल लाईन की पूर्ण रूपेण स्वीकृति हेतु अनुशंसा प्रदान की जावे। जिससे रेललाईन का कार्य शीघ्र अतिशीघ्र प्रारंभ हो सके। इस प्रस्तावित रेल लाईन के माध्यम से दमोह का चौमुखी विकास होगा, संपूर्ण विश्व के तीर्थयात्री और पर्यटक सीधे पवित्र तीर्थक्षेत्र कुण्डलपुर पहुंचेगे। इस संबंध में कुण्डलपुर कमेटी, सकल जैन समाज दमोह ने भी अपने लेटर पेड पर ज्ञापन मुख्यमंत्री जी का सौंपा।

---

विवाद के बाद फांसी लगाने से मौत, परिजन ने शव रखकर चक्काजाम कर देर रात तक करते रहे प्रदर्शन

# शराब दुकान के कर्मचारियों द्वारा की गई मारपीट से आहत होकर युवक फांसी के फंदे पर झूला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रनेह

रनेह में शराब दुकान पर अधिक कीमत वसूलने को लेकर हुए विवाद के बाद एक युवक द्वारा फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला सामने आया है। घटना से आक्रोशित परिजनों ने शव सड़क पर रखकर जाम लगा दिया और कार्रवाई व मुआवजे की मांग की। जानकारी के अनुसार रनेह स्थित शराब दुकान के पास अंडे की दुकान चलाने वाले राजकुमार राय (35), पिता टेकचंद राय, गुरुवार शाम अपने परिचित के लिए शराब लेने दुकान पहुंचे थे। आरोप है कि 500 रुपये की बोतल उन्हें 700 रुपये में दी गई। इसका विरोध करने पर उनका दुकान संचालक से विवाद हो गया।

बताया जा रहा है कि बाद में दुकान से जुड़े बृजेंद्र राय और जगदीश अंडे की दुकान पर पहुंचे और राजकुमार के साथ मारपीट की। मारपीट के बाद राजकुमार घर पहुंचे और पत्नी को घटना की जानकारी देकर थाने चलने की बात कही। पत्नी ने पहले खाना खाने के बाद चलने को कहा





और रसोई में चली गईं। इसी दौरान राजकुमार थाने जाने की जिद करते हुए कमरे में गए और कथित रूप से आत्मग्लानि में जंगले से कुर्ते का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। परिजन उन्हें तुरंत हटा सिविल अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। शुक्रवार सुबह पोस्टमार्टम के बाद परिजन आक्रोशित होकर शव लेकर रनेह पहुंचे और पटेरा हटा मार्ग पर शव रखकर जाम लगा दिया। जिससे बसें खड़ी रही या अन्यत्र मार्ग से गईं जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा। जाम में एक आर्मी का ट्रक भी फंसा जो रास्ता बदलकर गया।

परिजनों की मांग है कि तत्काल मुआवजा दिया जाए, मृतक के दो छोटे बच्चों के पालन-पोषण की जिम्मेदारी प्रशासन ले तथा शराब दुकान संचालकों पर मामला दर्ज किया जाए।

जाम की सूचना मिलते ही थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन मौके पर पहुंचे और परिजनों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन परिजन आश्वासन से संतुष्ट नहीं हुए जहां बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर मौजूद रहे। पटेरा तिगड्डा पर दोपहर 12:00 बजे से सड़क आवागमन बंद था बीच सड़क पर शव रखा था और भारी संख्या में महिलाएं बैठी हुई थीं। मृतक के परिजनों एवं थाना प्रभारी चंदन सिंह निरंजन के बीच अनेकों बार सामंजस्य बनाने की बात चली मगर इसके कोई सार्थक परिणाम सामने नहीं आए। शाम को नायब तहसीलदार राजेश सोनी, एसडीओपी प्रशांत सिंह सुमन रनेह थाने पहुंचे जहां आंदोलनकर्ताओं से थाने बुलाकर चर्चा की। परिजन लगातार अपनी वही मांगे दोहराते रहे जिनको मानना शासन प्रशासन के लिए नामुमकिन था। पुलिस ने शख्त रुख में चेतावनी दी कि अतिशीघ्र शव बीच सड़क से हटाकर आवागमन चालू नहीं किया तो पुलिस को बलपूर्वक रास्ता चालू करेगी। थाना प्रभारी ने बताया कि राजकुमार के साथ मारपीट करने वाले आरोपी जगदीश राय पिता राजाराय उम्र 35 वर्ष निवासी टसगोरा थाना मोहनगढ़ जिला टीकमगढ़, बृजेन्द्र पिता मुन्नालाल राय उम्र 32 वर्ष निवासी तालमऊ पुलिस थाना बल्देवगढ़ जिला टीकमगढ़ पर प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

## शुक्रवार देर 10 बजे की घटनाः बाइक सवार तीन युवक पुल से नीचे गिरे, तीनों की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेड़ा/दमोह



शुक्रवार की देर-रात 10 बजे तेन्दूखेड़ा थाना क्षेत्र के अंतर्गत सागर जबलपुर स्टेट हाईवे पर स्थित व्यारमा नदी के टूटे पड़े पुल के नीचे गिरने से तीन बाइक सवार युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो जाने का घटनाक्रम सामने आया है घटना की सूचना मिलते पुलिस मौके पर पहुंची सूत्रों द्वारा मिली जानकारी अनुसार मृतक की पहचान अजय घोषी उम्र 21 वर्ष अमित कुर्मी 21 पवन कर्मी 22 वर्ष के रूप में हूई है तीनों मृतक छिरारी थाना रहली जिला सागर के निवासी हैं जो तेंदूखेड़ा थाना क्षेत्र में किसी गांव में शादी समारोह में शामिल होने के लिए बाइक से आ रहे थे लेकिन तेज रफ्तार बाइक बारिश में बहे पुल के नीचे जा गिरी और तीनों युवक की मौके पर मौत हो गई थाना प्रभारी रावेन्द्र बागरी ने बताया कि तीन युवकों की मौत हुई है तीनों की पहचान की जा रही है शवों को उठवाकर स्वास्थ्य केंद्र में रखवाएं गए जिनका आज सुबह पोस्टमार्टम कराया जाएगा और जानकारी ली जा रही है आपको बता दें तेज बारिश के कारण व्यारमा नदी का पुल बह गया था जिसके कारण दोनों और से आगमन बंद है और अन्य वाहन और राहगीर झापन इमलिया होते हुए झलौन तेंदूखेड़ा जबलपुर पहुंचते हैं लेकिन यह हादसा बिना सूचना और संकेत बोर्ड नहीं होने के कारण बाइक की तेज आवाज पर कंट्रोल नहीं करने के कारण सीधे बाइक सवार पुल के नीचे जा गिरे और तीनों की मौत हो गई पुलिस मामले की जांच कर रही खबर लिखे जाने तक मृतकों की पहचान की जा रही है।

### सड़क हादसे में बाइक सवार मौसेरे भाइयों की मौत

**जबेरा।** दमोह जबलपुर मुख्य सड़क मार्ग पर जबेरा के नजदीक गुरुवार की देर रात एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार दो मौसेरे भाइयों की मौत हो जाने का दुखद घटना क्रम सामने आया है। बताया गया है कि लग्नोत्सव समारोह से लौट रहे दो युवकों की मौत की खबर से जहां कार्यक्रम की खुशियां मातम में बदल गई वहीं मृतकों के सिर पर गंभीर चोटों को देखकर के कहा जा सकता है कि यदि वह हेलमेट पहने होते तो शायद उनकी जान बच जाती। प्राप्त जानकारी के अनुसार जबेरा से करीब 3 किलोमीटर की दूरी पर गुरुवार की रात्रि करीब 11:45 बजे भाट खमरिया ग्राम में रिश्तेदार के यहां लगन उत्सव के कार्यक्रम मैं सम्मिलित होकर के वापस लौट रहे मोटरसाइकिल सवार दो युवक एक भीषण सड़क दुर्घटना का शिकार होकर के काल के गाल में समा गये बताया गया है कि सिंगपुर निवासी आकाश पिता राजू बंसल उम्र 18 वर्ष एवं दीपक पिता मुकेश बंसल उम्र 17 वर्ष निवासी सड़क हरदुआ मोटरसाइकिल से अपने रिश्तेदार मुकेश बंसल के लड़के की लगन उत्सव के कार्यक्रम में सम्मिलित होकर के वापस बाइक से लौटते समय जबेरा से 3 किलोमीटर की दूरी पर दाने बाबा के समीप जंगल में मुख्य सड़क मार्ग पर अज्ञात वाहन इनकी मोटरसाइकिल को टक्कर मार करके भाग गया , हादसे के बाद दोनों घायल सड़क पर बहुत देर तक पड़े रहे बाद में रास्ते से गुजर रहे कुछ राहगीरों ने उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जबेरा पहुंचाया जहां पर ड्यूटी रत डॉक्टर ने आकाश बंसल को मृत घोषित कर दिया वहीं गंभीर रूप से घायल दीपक को जबेरा से मेडिकल कॉलेज जबलपुर के लिए रेफर कर दिया गया जहां पर बीच रास्ते में ही दीपक ने भी दम तोड़ दिया। घटना की सूचना पाकर के जबेरा थाने में पदस्थ ए एस आई सुंदरलाल एवं प्रधान आरक्षक देवेंद्र अस्पताल पहुंचे तथा दोनों शवों का पीएम सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में करा कर के पुलिस ने मामला जांच में लिया है।